भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: **87**
गुरुवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

## उड़ानों का रद्द होना

*** 87. श्री ए.राजा:**
**श्री ए.गणेशमूर्ति:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान, जनवरी, 2024 तक देश में घने कोहरे, खराब मौसम, तकनीकी खामियों के कारण श्रेणी-वार और विमान कंपनी-वार कितनी उड़ानें रद्द हुईं अथवा विलंब से चलीं;
(ख) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं कि सभी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन उड़ान भरने और उतरने की सुविधा के लिए आधुनिक धावन पथ से सुसज्जित हों; और

(ग) तकनीकी खामियों के कारण विभिन्न विमान कंपनियों द्वारा उड़ानों को रद्द करने/विलंब से बचने के लिए सरकार द्वारा किए गए अन्य उपायों का ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

## नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ग.): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"उड़ानों का रद्द होना" के संबंध में दिनांक 08.02.2024 के लोकसभा के तारांकित प्रश्न संख्या 87 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क): विवरण अनुलग्नक I और अनुलग्नक II में दिया गया है।

(ख): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने पहले से ही विभिन्न अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर अलग-अलग श्रेणी के इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) कार्यान्वित कर दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर भाविप्रा द्वारा प्रबंधित, प्रचालनरत आईएलएस की कुल संख्या इस प्रकार हैं:

i) कैट-I आईएलएस:
(पोर्ट ब्लेयर/ विजयवाड़ा/ तिरुपति/ गुवाहाटी/ दिल्ली/ गोवा(डाबोलिम)/ मोपा/ अहमदाबाद/ सूरत/ राजकोट(हीरासर)/ बेंगलुरु(बायल)/ मैंगलोर/ कालीकट/ कोचीन/ कन्नूर/ त्रिवेंद्रम/ नागपुर/ मुंबई/ इम्फाल/ भुवनेश्वर/ चेन्नई/ कोयंबटूर/ त्रिची/ शमशाबाद/ अयोध्या/ वाराणसी/ कोलकाता)
ii) कैट-II आईएलएस:
(कोलकाता)
iii) कैट-III आईएलएस:
(दिल्ली/ बेंगलुरु(बायल)/ अमृतसर/ जयपुर/ लखनऊ/ कोलकाता)

(ग): जब भी विमान में कोई तकनीकी खराबी आती है, तो उसे परिचालन के लिए रिलीज़ किए जाने से पहले प्रचालकों द्वारा विमान के विनिर्माता के दिशानिर्देशों के अनुसार खराबी को ठीक करने की कार्रवाई किया जाना अपेक्षित है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सुरक्षा मानक और विनियामक का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, एअरलाइनों और विमान के प्रचालन तथा रखरखाव में शामिल संगठनों और कार्मिकों की निगरानी, स्पॉट चेक्स और रात्रि में निगरानी करने के उद्देश्य से एक सुपरिभाषित तंत्र स्थापित किया है। इन निगरानी गतिविधियों के दौरान पहचानी गई विसंगतियों या जाँच परिणामों की सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए सम्बद्ध एअरलाइन को तुरंत सूचित किया जाता है।

इसके अलावा, कुछ मामलों में जहाँ विनियमों के उल्लंघन का पता चलता है, डीजीसीए द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार कठोर प्रवर्तन प्रक्रिया का पालन किया जाता है। इसमें चेतावनियाँ जारी करना, निलंबन अथवा अनुमोदन रद्द करना शामिल हो सकता है, और यहां तक कि शामिल व्यक्तियों या संगठन पर वित्तीय जुर्माना भी लगाया जा सकता है। डीजीसीए द्वारा की जाने वाली प्रवर्तन कार्रवाई का उद्देश्य, विमानन उद्योग के भीतर सुरक्षा और विनियामक अनुपालन संबंधी उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित करना है।

****

| वर्ष : 2023 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एअरलाइन | रद्द होने के कारण | | | कुल निर्धारित प्रस्थान |
| | तकनीकी | मौसम संबंधी | वाणिज्यिक, प्रचालन संबंधी और विविध | |
| एअर एशिया | 33 | 55 | 22 | 70072 |
| एअर इंडिया | 181 | 168 | 139 | 105999 |
| अकासा एअर | 1 | 2 | 81 | 39879 |
| एलायंस एअर | 324 | 323 | 421 | 38735 |
| फ्लाई बिग | 32 | 148 | 0 | 5394 |
| गो एअर | 11 | 4 | 0 | 22468 |
| इंडिया वन एअर | 424 | 30 | 102 | 3243 |
| इंडिगो | 931 | 2185 | 1142 | 615633 |
| स्पाइस जेट | 150 | 186 | 96 | 59986 |
| स्टार एअर | 18 | 20 | 24 | 7890 |
| विस्तारा | 4 | 89 | 81 | 89867 |

| वर्ष : 2022 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एअरलाइन | रद्द होने के कारण | | | कुल निर्धारित प्रस्थान |
| | तकनीकी | मौसम संबंधी | वाणिज्यिक, प्रचालन संबंधी और विविध | |
| एअर एशिया | 13 | 64 | 27 | 54451 |
| एअर इंडिया | 122 | 55 | 202 | 87191 |
| अकासा एअर | 10 | 4 | 0 | 4343 |
| एलायंस एअर | 179 | 244 | 191 | 35674 |
| फ्लाई बिग | 54 | 188 | 36 | 5848 |
| गो फर्स्ट | 12 | 30 | 7 | 72338 |
| इंडिया वन एअर | 0 | 0 | 0 | 80 |
| इंडिगो | 613 | 1476 | 1982 | 559476 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| स्पाइस जेट | 151 | 278 | 104 | 89883 |
| स्टार एअर | 24 | 0 | 46 | 6098 |
| ट्रूजेट | 0 | 0 | 44 | 420 |
| विस्तारा | 6 | 68 | 183 | 80451 |

| वर्ष 2021 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एअरलाइन | रद्द होने के कारण | | | कुल निर्धारित प्रस्थान |
| | तकनीकी | मौसम संबंधी | वाणिज्यिक, प्रचालन संबंधी और विविध | |
| एअर एशिया | 34 | 91 | 27 | 41767 |
| एअर इंडिया | 316 | 1715 | 1262 | 96708 |
| एअर टैक्सी | 14 | 0 | 1361 | 2008 |
| एलाइंस एअर | 56 | 21 | 58 | 8480 |
| फ्लाई बिग | 2 | 11 | 58 | 1618 |
| गो एअर | 17 | 0 | 95 | 55786 |
| इंडिगो | 188 | 2353 | 1083 | 381445 |
| पवन हंस | 74 | 94 | 154 | 1042 |
| स्पाइस जेट | 136 | 8 | 655 | 83624 |
| स्टार एअर | 9 | 21 | 84 | 5793 |
| ट्रूजेट | 84 | 0 | 185 | 7442 |
| विस्तारा | 1 | 421 | 230 | 58818 |

**<u>अनुलग्नक - II</u>**

| वर्ष 2023 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एअरलाइंस | कुल प्रस्थान | समय पर गई उड़ानें | विलंबित उड़ानें | %ओटीपी | देरी के कारण | | | |
| | | | | | यात्री एवं सामान, रैंप एवं तकनीकी | प्रचालन, हवाईअड्डा, एटीसी संबंधी और विविध। | प्रतिक्रियात्मक | मौसम संबंधी |
| इंडिगो | 236298 | 201802 | 34496 | 85.4 | 2094 | 7254 | 23553 | 1595 |
| एलाइंस एअर | 11271 | 7057 | 4214 | 62.6 | 501 | 730 | 2782 | 201 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एअर इंडिया | 58291 | 43345 | 14946 | 74.4 | 1773 | 4383 | 8440 | 350 |
| गो फ़र्स्ट | 10678 | 5250 | 5428 | 49.2 | 384 | 923 | 4035 | 86 |
| एअर एशिया | 33876 | 26236 | 7640 | 77.4 | 529 | 868 | 6026 | 217 |
| अकासा एअर | 23192 | 19409 | 3786 | 83.7 | 149 | 818 | 2521 | 298 |
| स्पाइसजेट | 25003 | 14608 | 10395 | 58.4 | 1233 | 1640 | 7253 | 269 |
| विस्तारा | 58733 | 47363 | 11370 | 80.6 | 349 | 2618 | 7989 | 414 |

| **वर्ष 2022** | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एअरलाइंस | कुल प्रस्थान | समय पर गई उड़ानें | विलंबित उड़ानें | % ओटीपी | देरी के कारण | | | |
| | | | | | यात्री एवं सामान, रैंप एवं तकनीकी | प्रचालन, हवाई अड्डा, एटीसी संबंधी और विविध | प्रतिक्रियात्मक | मौसम संबंधी |
| इंडिगो | 196295 | 172427 | 23868 | 87.8 | 1677 | 4784 | 16297 | 1110 |
| एलाइंस एअर | 11498 | 8177 | 3321 | 71.1 | 522 | 346 | 2314 | 139 |
| एअर इंडिया | 44807 | 38759 | 6048 | 86.5 | 1320 | 1224 | 3361 | 143 |
| गो फ़र्स्ट | 35790 | 26642 | 9148 | 74.4 | 1008 | 1716 | 6296 | 128 |
| एअर एशिया | 27021 | 23442 | 3579 | 86.8 | 246 | 335 | 2883 | 115 |
| स्पाइस जेट | 33825 | 26246 | 7579 | 77.6 | 1257 | 1056 | 5007 | 259 |
| विस्तारा | 53180 | 47221 | 5959 | 88.8 | 300 | 1532 | 3915 | 212 |

| **वर्ष 2021** | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एअरलाइंस | कुल प्रस्थान | समय पर गई उड़ानें | विलंबित उड़ानें | % ओटीपी | देरी के कारण | | | |
| | | | | | यात्री एवं सामान, रैंप एवं तकनीकी | प्रचालन, हवाई अड्डा, एटीसी संबंधी और विविध | प्रतिक्रियात्मक | मौसम संबंधी |
| इंडिगो | 153367 | 141755 | 11609 | 92.4 | 1319 | 2476 | 6919 | 895 |
| एलायंस एअर | 1653 | 1077 | 576 | 65.2 | 63 | 103 | 373 | 37 |
| एअर इंडिया | 42243 | 35045 | 7197 | 83 | 997 | 1317 | 4583 | 300 |
| जीपी फ़र्स्ट | 24439 | 20465 | 3974 | 83.7 | 144 | 765 | 2969 | 96 |
| एअर एशिया | 21236 | 18629 | 2607 | 87.7 | 167 | 241 | 2085 | 114 |
| स्पाइस जेट | 31654 | 26650 | 5004 | 84.2 | 667 | 708 | 3278 | 351 |
| विस्तारा | 33806 | 30155 | 3651 | 89.2 | 159 | 665 | 2636 | 191 |